आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
14.03.2026
समय 13.05

पहले मुख्य समाचार -

- भराड़ीसैंण में कल बजट सत्र के अंतिम दिन 1 लाख 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक का बजट पारित। सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित।
- मुख्यमंत्री आवास में आज लोकपर्व फूलदेई हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया।
- नैनीताल में तीन दिवसीय ‘‘नैनीताल लिटरेचर फेस्टिवल‘‘ का शुभारंभ ।
- और, प्रदेश के पांच पर्वतीय जिलों में तीन हजार पांच सौ मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वालें क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की संभावना

==================================

बजट सत्र

भराड़ीसैंण में राज्य विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन कल सदन में एक लाख 11 हजार करोड़ रुपए से अधिक का बजट पारित किया गया। इसके साथ ही सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। देर रात तक चली सदन की कार्यवाही की शुरुआत प्रश्नकाल से हुई। शून्यकाल में सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से अपने–अपने क्षेत्रों की समस्याओं को उठाया। वहीं नियम 58 के तहत कृषि, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन से जुड़े मुद्दों पर कार्य स्थगन प्रस्ताव लाए गए। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने नियम 310 के तहत भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया, जिसे बाद में नियम 58 के अंतर्गत सुना गया। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2026–27 के बजट पर सामान्य चर्चा हुई और संसदीय कार्य मंत्री ने विभागवार अनुदान मांगें प्रस्तुत कीं। विभागवार बजट पर चर्चा के दौरान विपक्ष की ओर से नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक प्रीतम सिंह और भुवन कापड़ी समेत अन्य सदस्यों ने कई विभागों के बजट में कटौती कर केवल एक रुपये का प्रावधान करने का प्रस्ताव रखा। हालांकि बहुमत के आधार पर ये सभी कटौती प्रस्ताव खारिज हो गए और सदन ने विभागवार बजट को पारित कर दिया। इसके बाद विनियोग विधेयक पर चर्चा हुई और देर रात करीब साढ़े बारह बजे इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया

गया। विनियोग विधेयक पारित होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी।

==================================

फूलदेई

मुख्यमंत्री आवास में आज लोकपर्व फूलदेई हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। पारंपरिक परिधान पहनकर आए बच्चों ने घर की देहरी पर फूल व चावल अर्पित किए और सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। बच्चों ने "फूल देई-छम्मा देईए जतुके दियाला- उतुके सई" जैसे लोकगीत गाए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बच्चों का स्वागत करते हुए उन्हें उपहार भेंट किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकपर्व फूलदेई राज्य की समृद्ध लोकसंस्कृति, परंपराओं और प्रकृति के प्रति सम्मान के भाव को बनाए रखने का त्योहार है। उन्होंने कहा यह त्योहार बसंत ऋतु के आगमन के साथ प्रकृति की सुंदरता और जीवन में नई ऊर्जा का संदेश देता है। मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड की लोक संस्कृति और लोकपर्व हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिन्हें संरक्षित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञताए वसंत के स्वागत और हमारी लोक संस्कृति के संरक्षण का संदेश देने वाला फूलदेई पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने और आने वाली पीढ़ियों को इन अमूल्य परंपराओं से परिचित कराने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश वासियों को फूलदेई की शुभकामनाएं दीं।

==================================

छापेमारी

देहरादून जिले में एलपीजी गैस के अवैध भंडारण, अवैध रिफिलिंग और कालाबाजारी पर देहरादून जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। देहरादून में अब तक 49 सिलेंडर जब्त किए गए हैं और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी के.के. अग्रवाल ने कहा कि विभाग की ओर से अवैध तरीके से गैस बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई लागातार जा रही है। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस की स्थिति बिलकुल सामान्य हो गई है। उन्होंने बताया कि ऑफलाइन बुकिंग की शुरुआत भी कर दी गई है और सरकार ने टोल फ्री नंबर भी जारी कर दिए हैं।

==================================

## नैनीताल लिटरेचर फेस्टिवल

नैनीताल में कल कुमाऊं मंडल के आयुक्त दीपक रावत और प्रख्यात साहित्यकार प्रोफेसर पुष्पेश पंत ने संयुक्त रूप से तीन दिवसीय ‘‘नैनीताल लिटरेचर फेस्टिवल‘‘ शुभारंभ किया। इसमें देश और विदेश के अनेक लेखक, साहित्यकार, विचारक और फिल्मकार शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान साहित्यकार प्रोफेसर पुष्पेश पंत और आयुक्त दीपक रावत सहित अन्य अतिथियों ने अपने विचार साझा किए। आयुक्त ने कहा कि इस प्रकार के साहित्यिक आयोजनों से क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे चारखेत जैसे नये विकसित हो रहे पर्यटन स्थलों को नई पहचान मिलेगी। साथ ही स्थानीय लोगों को देश-विदेश के लेखकों और विचारकों से मिलने का अवसर मिलेगा।

================================

## मौसम

मौसम विभाग ने आज उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग,बागेश्वर, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों में तीन हजार पांच सौ मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वालें क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। राज्य के शेष जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। विभाग ने उत्तरकाशीए रुद्रप्रयागए चमोलीए बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने के साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

================================

## कुंभ मेला तैयारी

हरिद्वार में अगले वर्ष होने वाले कुंभ मेले की तैयारियों को लेकर मेला प्रशासन ने व्यवस्थाओं को मजबूत करने की दिशा में तेजी से काम शुरू कर दिया है।

================================

## स्वच्छता

हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में परिवहन विभाग द्वारा सभी सरकारी और निजी वाहनों में डस्टबिन लगाए जाने का अभियान शुरू किया गया है। इस पहल का शुभारंभ कलेक्ट्रेट परिसर से किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी नेहा झा को निर्देश दिए कि जिले के सभी सरकारी और निजी वाहनों में डस्टबिन अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, ताकि कोई भी व्यक्ति वाहन से कूड़ा सड़क या सार्वजनिक स्थानों पर न फेंके। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से स्वच्छता

को बढ़ावा मिलेगा और लोगों में जागरूकता भी बढ़ेगी। वहीं, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि इस पहल के तहत सबसे पहले जिले के सरकारी वाहनों में डस्टबिन लगाए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने की प्रवृत्ति को रोकना है। उन्होंने सभी निजी और वाणिज्यिक वाहन संचालकों से भी अपने वाहनों में डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखने की अपील की, ताकि यात्रा के दौरान स्वच्छता बनाए रखी जा सके।

==============================

खनन बैठक

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशान्त आर्य ने जिला खनिज फाउंडेशन न्यास प्रबंध समिति की वर्चुअल बैठक लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने खनन से प्रभावित क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता देते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिए जाने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन क्षेत्रों में जनहित से जुड़े प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर तैयार कर शीघ्र क्रियान्वित किया जाए, ताकि स्थानीय लोगों को सीधा लाभ मिल सके। बैठक में जिला खनन अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि वर्तमान में जिला खनिज फाउंडेशन के तहत145 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 45 प्रस्ताव निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए गए हैं। इन प्रस्तावों को नियमानुसार आगे की कार्यवाही के लिए प्रक्रिया में लिया जा रहा है।

==============================